# हरियाणा: किसानों से सभी फसलें MSP पर खरीदने वाला पहला राज्य

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में **हरियाणा के मुख्यमंत्री** ने राज्य में **सभी फसलों की** न्यूनतम समर्थन मूल्य (Minimum Support Price- MSP) **पर खरीद** की घोषणा की, इस प्रकार **यह देश में** सभी फसलों की MSP पर खरीदने वाला **पहला राज्य** बन गया।

## मुख्य बिंदु:

- मुख्यमंत्री ने नहर जल सिंचाई **शुल्क** के **बकाया में 133 करोड़ रुपए माफ** करने की भी घोषणा की।
  - रोहतक, नूंह, फतेहाबाद और सिरसा में प्राकृतिक आपदा के कारण फसल को हुए नुकसान से पीड़ित किसानों को वर्ष 2023 से पहले एक सप्ताह के भीतर **137 करोड़ रुपए का लंबित मुआवज़ा** देने की भी घोषणा की गई।

## न्यूनतम समर्थन मूल्य (Minimum Support Price- MSP)

- MSP वह **गारंटीकृत राशि है जो किसानों को तब दी जाती है** जब **सरकार उनकी फसल खरीदती है।**
- MSP कृषि लागत और मूल्य आयोग (Commission for Agricultural Costs and Prices- CACP) की सिफारिशों पर आधारित है, जो **उत्पादन लागत, मांग तथा आपूर्ति,** बाज़ार मूल्य रुझान, अंतर-फसल मूल्य समानता आदि **जैसे विभिन्न कारकों** पर विचार करता है।
  - CACP **कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय** का एक संलग्न कार्यालय है। यह जनवरी 1965 में अस्तित्व में आया।
- भारत के प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (Cabinet Committee on Economic Affairs- CCEA) **MSP के स्तर पर** अंतिम निर्णय (अनुमोदन) लेती है।
- MSP का उद्देश्य **उत्पादकों को उनकी फसल के लिये लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करना और** फसल विविधीकरण को प्रोत्साहित करना है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/haryana-fgirst-sate-to-buy-all-crops-from-farmers-msp